देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 253 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 16 नवंबर 2019

विचार-प्रवाह...
महाराष्ट्र के सबक





मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 14.0°

40356.69

2 हाईटाइड के कारण वेनिस में भीषण बाढ़

7 मयंक अग्रवाल के डबल धमाका

## संक्षिप्त समाचार



### सुको परिसर में सीजेआई रंजन गोगोई को दी गई विदाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली, एएनआइ। भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को शुक्रवार शाम को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विदाई दी गई। शुक्रवार को सीजेआई के रूप में उनका आखिरी दिन है। वह 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस शरद अरविंद बोबड़े 18 नवंबर को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

### सीबीआई ने एमनेस्टी के दफ्तर पर मारा छापा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार के लिए काम करने वाली संस्था एमनेस्टी के बेंगलुरु स्थित दफ्तर पर सीबीआई ने छापेमारी की है। एमनेस्टी इंटरनैशनल ग्रुप पर नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी फंडिंग हासिल करने का आरोप है। अभी एमनेस्टी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।
बता दें कि बीते साल एमनेस्टी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच की थी। मानवाधिकार संगठन पर विदेशी चंदा नियमन के उल्लंघन के आरोपों को लेकर ही ईडी ने भी संस्था के खिलाफ जांच की थी।

### गिरफ्तारी से शेहला राशिद को आंशिक राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने जेएनयू की पूर्व छात्रा और कश्मीरी नेता शेहला राशिद को आंशिक राहत दी है। दरअसल कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि अगर वह राशिद को गिरफ्तार करना चाहती है तो उसे 10 दिन पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी नोटिस जारी करना होगा। राशिद पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर इंडियन आर्मी को बदनाम करने की कोशिश की।

# पड़ोसी देश के डीएनए में आतंकवाद

## यूनेस्को में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ दिया और आईना दिखाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पैरिस। कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान दुनियाभर में भारत के बारे में झूठा प्रचार करने की नाकाम कोशिश कर रहा है लेकिन हर बार उसे भारत की तरफ से करारा जवाब मिला है। पाकिस्तान ने इसबार संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को में इसबार कश्मीर के अलावा अयोध्या फैसले का भी मुद्दा उठा दिया। भारत ने यूनेस्को जनरल कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए कहा कि आतंकवाद उसके डीएनए में है। भारत की प्रतिनिधि ने पाकिस्तान के झूठे दावों का जवाब देते हुए कहा कि पाक भारत की अखंडता और आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश कर रहा है और खुद अपने देश में मानवाधिकारों को ताक पर रख चुका है।

- यूनेस्को में पाक ने कश्मीर के साथ उठाया अयोध्या का मामला
- भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दशा का कच्चा चिट्ठा खोल दिया

**भारत ने पाक को दिया करारा जवाब:** यूनेस्को में भारत की प्रतिनिधि अनन्या अग्रवाल ने कहा, पाकिस्तान अपने कारनामों को छिपाने के लिए भारत के आंतरिक मामलों के बारे में झूठे दावे करता है जबकि उसके यहां आतंकवाद को सराहा जाता है और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किए जाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान का कारनामों की लिस्ट ही खोल दी। अनन्या ने कहा, 1947 में पाकिस्तान में 23 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो कि अब घटकर 3 प्रतिशत रह गए हैं। यहां ईसाइयों, सिखों, हिंदुओं, शिया और अहमदिया मुसलमानों के खिलाफ कानून बनाए गए और उनके धर्मांतरण की कोशिशें की जाती रही हैं।

**भारत बोला-पाक नेता लादेन को बताते हैं हीरो:** उन्होंने कहा, पाकिस्तान में आज महिलाओं पर हिंसा, बाल विवाह और ऑनर किलिंग बड़ी समस्या है। यह ऐसा देश है जिसका लीडर यूएन के मंच का इस्तेमाल परमाणु की धमकी देने के लिए करता है।

### पाक ने अयोध्या फैसले का भी किया जिक्र

इसबार पाकिस्तान ने कश्मीर के साथ-साथ अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी उठा दिया। भारत ने पाकिस्तान की हिमाकत का करारा जवाब देते हुए कहा कि उसके पड़ोसी देश की दूसरे के मामले में दखल देने की आदत बन गई है।

**अयोध्या पर टिप्पणी को भारत ने बताया आंतरिक मामले में दखल:** एक दिन पहले भी भारत की प्रतिनिधि ने पाकिस्तान को लताड़ा था। उन्होंने कहा था कि भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या मामले में दिए गए फैसले पर पाकिस्तान ने अनुचित टिप्पणियां की हैं जो कि एक संप्रभु राष्ट्र का अपमान है। यह आंतरिक मामला है और किसी देश को इसमें हस्तक्षेप करने का आधिकार नहीं है।



पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने ओसामा बिन लादेन और हक्कानी आतंकियों को पाकिस्तान का हीरो बताया है। पाकिस्तान बुराइयों का घर है जहां रूढ़िवादिता और कट्टरपंथ भरा पड़ा है। पाकिस्तान एक फेल स्टेट है जहां आतंकवाद अपनी जड़ें फैला चुका है।
यूनेस्को के प्लेटफॉर्म का राजनीतिक इस्तेमाल करते हुए दुष्प्रचार करने पर भारत इसकी कड़ी निंदा करता है।

# पांच साल चलेगी महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार: पवार

## मध्यावधि चुनाव की संभावनाओं को एनसीपी चीफ ने सिरे से किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की संभावनाओं को खारिज किया है। शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में शिवसेना एनसीपी,कांग्रेस की सरकार बनेगी और यह पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। महाराष्ट्र में फिलहाल राष्ट्रपति शासन है। उन्होंने कहा कि तीनों दल एक स्थायी सरकार बनाना चाहते हैं, जो विकासोन्मुखी होगी।
पवार ने नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मध्यावधि चुनाव की कोई संभावना नहीं है। यह सरकार बनेगी और पूरे पांच साल चलेगी। उन्होंने आगे कहा, हम सभी यही आश्वस्त करना चाहेंगे कि यह सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या बीजेपी

**केंद्र के सामने उठाएंगे किसानों का मुद्दा**

शरद पवार ने बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए नागपुर के कुछ गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वह किसानों की सहायता का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाएंगे। शिवसेना ने चुनाव पूर्व अपनी सहयोगी बीजेपी से मुख्यमंत्री पद को साझा करने और विभागों के बराबर के बंटवारे की मांग की थी, जिसे पार्टी ने खारिज कर दिया था।

**फडणवीस ज्योतिष के भी छात्र हैं, मैं नहीं जानता था**

पवार ने चुटकी लेते हुए कहा, मैं कुछ साल से देवेंद्र जी को जानता हूं लेकिन यह नहीं जानता था कि वह ज्योतिष के भी छात्र हैं।श पवार ने फडणवीस के 'मैं फिर आऊंगा' के नारे पर भी निशाना साधा। पवार ने कहा, 'यह ठीक है कि उन्होंने (फडणवीस ने) यह कहा लेकिन मैं तो कुछ और सोच रहा था। वह कहते थे – मैं फिर आऊंगा, मैं फिर आऊंगा। अब पत्रकार कुछ और जानकारी दे रहे हैं।'

राज्य में सरकार गठन के लिए एनसीपी के साथ चर्चा कर रही थी, इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ शिवसेना, कांग्रेस और गठबंधन सहयोगियों के साथ बात कर रही है, इसके अलावा किसी से नहीं। तीनों दल फिलहाल सीएमपी पर काम कर रहे हैं, जो राज्य में सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में मार्गदर्शन करेगा। तीनों दलों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को मुंबई में मुलाकात की और सीएमपी का मसौदा तैयार किया।

शिवसेना के कांग्रेस संग जाने पर बोले वीर सावरकर के पोते

# उम्मीद है कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व नहीं छोड़ेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना के कांग्रेस और एनसीपी के साथ सरकार बनाने के लिए गठजोड़ करने पर स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के पोते ने टिप्पणी की है। सावरकर के पौत्र रंजीत सावरकर ने कहा कि मुझे भरोसा है कि उद्धव ठाकरे कभी हिंदुत्व की अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे। यही नहीं रंजीत सावरकर ने कहा कि उन्हें यह उम्मीद भी है कि उद्धव ठाकरे सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि शिवसेना हिंदुत्व को लेकर कांग्रेस के स्टैंड को बदलने में सफल होगी।
बता दें कि महाराष्ट्र चुनाव से पहले बीजेपी और शिवसेना ने सत्ता में आने पर वीर सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की बात कही थी।
हिंदुत्व पर अपने विचारों के लिए चर्चित रहे क्रांतिकारी वीर सावरकर हिंदू महासभा से जुड़े थे। महाराष्ट्र में वीर सावरकर का नाम आदर से लिया जाता है। खासतौर पर हिंदुत्व की विचारधारा से जुड़े राजनीतिक और सामाजिक दल सावरकर को अपना आदर्श मानते रहे हैं।

### टिप्पणी



- सरकार बनाने पर भी सावरकर को भारत रत्न की मांग से पीछे नहीं हटेगी शिवसेना
- शिवसेना ने वीर सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की मांग उठाई थी

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 'वन नेशन, वन पे डे' लागू करने के बारे में विचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। फॉर्मल सेक्टर में काम करने मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार वन नेशन, वन पे डे लागू करने के बारे में विचार कर रही है। यह बात श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक समान व्यवस्था होनी चाहिए, जिसके तहत हर सेक्टर में सभी वर्ग के कर्मचारियों और

**सभी वर्ग के कर्मचारियों और मजदूरों को एक दिन सैलरी मिले: श्रममंत्री**

मजदूरों को एक दिन सैलरी मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद चाहते हैं इस बाबत कानून जल्द से तैयार होकर पास हो जाए।
संतोष गंगवार ने आगे कहा कि सरकार यूनिफॉर्म मिनिमम वेज प्रोग्राम को लागू करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे मजदूरों की जिंदगी में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार व्यावसायिक सुरक्षा, हेल्थ ऐंड वर्किंग कंडीशन कोड, कोड ऑन वेजेज को लागू करने की दिशा में काम कर रही है।
संसद से कोड ऑन वेजेज को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और अब इसके नियमों पर काम किया जा रहा है।